संख्याः 623/III(1)/11-70(अधि0)/05

प्रेषक

उत्पल कुमार सिंह,
प्रमुख सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता स्तर–1,
लोक निर्माण विभाग,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

लोक निर्माण अनुभाग–1 **देहरादून, दिनांक 28 जून 2011**

विषयः–लोक निर्माण विभाग, के अन्तर्गत ए0डी0बी0 वित्त पोषित कार्यो के सम्पादन हेतु नए खण्डों के संचालन के सम्बन्ध में।

महोदय,

लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या 1253/III(1)/06–190(पी0डब्ल्यूडी0)/01 दिनांक 12.07.2006 तथा शासनादेश संख्या 1053/III(1)/07–70(अधि0) /05 दिनांक 19.07.2007 द्वारा लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत तकनीकी संरचनात्मक ढांचे का पुर्नगठन किया गया था, जिसमें सृजित 4 खण्डों को ए0डी0बी0 वित्त पोषित कार्यो के सम्पादन हेतु पूर्णकालिक समर्पित खण्ड के रूप में चिन्हित किया गया था। पुनः शासनादेश संख्या 1484/III(1)/09–70(अधि0) /05 दिनांक 06.08.2009 के द्वारा ए0डी0बी0 वित्त पोषित कार्यो के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यो एवं जनपदवार मार्गो की लम्बाई की अधिकता को ध्यान में रखते हुए ए0डी0बी0 वित्त पोषित कार्यो के त्वरित सम्पादन हेतु 03 नए खण्ड स्थापित किये गये। इस प्रकार विभाग में ए0डी0बी0 के कार्यो हेतु 07 खण्ड स्थापित है। इसी कम में आपके पत्र संख्या 1378/18 पी0एम0यू0/2011 दिनांक 15.04.2011 के द्वारा यह अवगत कराया गया है कि तृतीय चरण हेतु पी0एफ0आर0–III गठित किया जा रहा है, जिसके लिये सृजित किये गये 07 खण्ड/पी0आई0यू0 कार्यो की अधिकता को देखते हुये कम है, अतः 04 अतिरिक्त खण्ड/पी0आई0यू0 के गठन हेतु एडमेमोयर में संस्तुति को दृष्टिगत रखते हुए सृजित किये जाने का प्रस्ताव शासन को उपलब्ध कराया गया है।

उपरोक्त के कम में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि ए0डी0बी0 पोषित कार्यो के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यो एवं जनपदवार मार्गो की लम्बाई की अधिकता को ध्यान में रखते हुए कार्यो के त्वरित सम्पादन हेतु उक्त स्थापित 07 खण्डों के अतिरिक्त निम्न प्रकार से 04 नये खण्ड/पी0आई0यू0 स्थापित/संचालित किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः–

क0सं0	नवीन खण्ड/ पी0आई0यू0	खण्ड/पी0आई0यू0 का मुख्यालय	खण्ड/पी0आई0यू0 के कार्य क्षेत्र में जनपद
1.	बगेश्वर	बगेश्वर	बागेश्वर
2.	रूद्रपुर	रूद्रपुर	उधमसिंहनगर
3.	उत्तरकाशी	उत्तरकाशी	उत्तरकाशी
4.	दुगड्डा	दुगड्डा	मुख्य अभियन्ता स्तर–1 से कार्यक्षेत्र दिया जायेगा।

उक्त स्थापित होने वाले 04 नए खण्डों (पी0आई0यू0) में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तैनाती लोक निर्माण विभाग में उपलब्ध कार्मिकों में से करते हुए इन खण्डों का संचालन प्रारम्भ किया जायेगा।

उक्तानुसार 04 नए खण्डों की स्थापना के उपरान्त कुल संचालित होने वाले 11 खण्डों का कार्य क्षेत्र निम्नवत रहेगाः–

क0सं0	खण्ड / पी0आई0यू0	खण्ड / पी0आई0यू0 का मुख्यालय	खण्ड / पी0आई0यू0 के कार्य क्षेत्र में जनपद
1	देहरादून	देहरादून	देहरादून, हरिद्वार
2	नैनीताल	नैनीताल	नैनीताल
3	अल्मोड़ा	अल्मोड़ा	अल्मोड़ा
4	जोशीमठ	जोशीमठ	चमोली, रूद्रप्रयाग
5	नई टिहरी	नई टिहरी	टिहरी
6	पिथौरागढ़	पिथौरागढ़	पिथौरागढ़, चम्पावत
7	पौड़ी	पौड़ी	पौड़ी गढ़वाल
8	बागेश्वर	बागेश्वर	बगेश्वर
9	रूद्रपुर	रूद्रपुर	उधमसिंहनगर
10	उत्तरकाशी	उत्तरकाशी	उत्तरकाशी
11	दुगड्डा	दुगड्डा	मुख्य अभियन्ता स्तर–1 से कार्यक्षेत्र दिया जायेगा।

यह आदेश वित्त विभाग के अ0शा0 संख्या– 70 / XXVII(2) / 2011 दिनांक 21.06.2011 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किया जा रहा है।

भवदीय

(उत्पल कुमार सिंह)
प्रमुख सचिव

संख्या 623 / III(1) / 11–70(अधि0) / 05 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. महालेखाकार, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड शासन।
3. समस्त प्रमुख सचिव / सचिव उत्तराखण्ड शासन।
4. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
5. आयुक्त, गढ़वाल मण्डल / कुमांयू मण्डल, पौड़ी / नैनीताल।
6. समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।
7. मुख्य अभियन्ता स्तर–2,लो0नि0वि0, गढ़वाल क्षेत्र / कुमांयू क्षेत्र।
8. समस्त कोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।
9. परियोजना निदेशक / मुख्य अभियन्ता, पी0एम0यू0, ए0डी0बी0, लो0नि0वि0, देहरादून।
10. वित्त(व्यय नियंत्रक) अनुभाग–2।
11. गार्ड फाईल।

आज्ञा से

(महिमा)
अनु सचिव